# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class -VII
## Subject-Hindi 3rd Language
## Topic- ओणम

DONE BY- SURENDRA THAKUR

©ISWK

1. सही विल्कप चुनिए |

क. ओणम किस महीने में मनाया जाता है ?

श्रावण , भादों , चैत्र, कार्तिक

ख. भगवान विष्णु किस रूप में महाबलि से याचना करने आए ?

ऋषि , स्त्री , भिक्षुक , वामन

ग. पूक्कलम क्या है ?

रंगोली , वस्त्र , नौकादौड़ , स्वादिष्ट व्यंजन

घ. ओणम का मुख्य आकर्षण क्या है ?

घुड़दौड़ , हाथीदौड़ , नौकदौड़ , सभी वामन

ङ. वामन भगवान ने महाबलि से कितनी भूमि माँगी ?

एक एकड़, एक गज़ , तीन पग , तीन मीटर

## प्रश्न: रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

क. ----- महाबलि की ख्याति सुनकर चिंतित हो उठे।

ख. कहा जाता है कि ------------- के दिन महाबलि अपनी प्रजा से मिलने अवश्य आते हैं।

ग. सबसे बड़ी रंगोली ----------- की सुंदरता देखते ही बनती है।

घ. ओणम के त्यौहार का मुख्य आकर्षण ---------- है।

ङ. ओणम के दिन से केरल में -------------- का आरंभ होता है।

उत्तर : क. इंद्र , ख. तिरुवोणम , ग. पूक्कलम ,
घ. नौकादौड़ , ङ. नववर्ष

च.ओणम -------------- का पर्व है।

छ. इंद्र देवता ------- की ख्याति सुनकर चिंतित हो उठे।

ज. उन्होंने अपनी चिंता भगवान------- के सम्मुख रखी।

झ. भगवान विष्णु ने -------- रूप धारण किया।

ट .उन्होंने महाबलि से ------- भूमि देने की याचना की।

ठ. महाबलि ने इस भूदान की याचना को ------ कर लिया।

उत्तर: च. हर्षोल्लास ,छ . महाबलि, ज . विष्णु , झ. वामन
ट. तीन पग , ठ . स्वीकार

# 4. मौखिक प्रश्न

क. ओणम पर्व के साथ कौन-सी कथा जुड़ी है ?

उत्तर : ओणम पर्व के साथ महाबलि की कथा जुड़ी है | केरलवासी मानते है कि ओणम के दिन महाबलि अपनी प्रजा और राज्य की खुशहाली देखने धरती पर आते हैं |

ख. ‘तृक्काकरा’ का ओणम से क्या संबंध है ?

उत्तर : राजा महाबलि की राजधानी तृक्काकरा थी | केरलवासी ‘तृक्काकरा’ गाँव के मंदिर के देवता को ओणम का देवता मानते हैं |

लिखित प्रश्न – क, ख , ग

क.प्रश्न - प्रकृति भी केरलवासियों के साथ ओणम का स्वागत करती है । कैसे ?

उत्तर : केरल में जब ओणम का त्योहार मनाया जाता है, उन दिनों चारो ओर रंग-बिरंगे फूलों की छटा देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रकृति ओणम का स्वागत कर रही है ।

ख.प्रश्न – केरलवासी नववर्ष का स्वागत कैसे करते हैं ?

उत्तर : केरलवासी ओणम पर्व के अवसर पर कई प्रकार के आयोजन कर नववर्ष का स्वागत करते हैं ।घरों के सामने रंगोलियाँ बनाते हैं । घरों को अच्छी तरह सजाते हैं ।नौकदौड़ द्वारा अपनी ख़ुशी प्रकट करते हैं ।

ग. प्रश्न - ओणम के दिन नौकादौड़ का आयोजन कहाँ और किस प्रकार किया जाता है ?

उत्तर : ओणम के दिन नौकादौड़ का आयोजन आरन्मुला नामक स्थान पर किया जाता है ।इस स्थान पर नाविक नौकागीत गाते हुए नियत ताल पर डांड चलाते हैं ।नावों की यह प्रतियोगिता देखने हजारों लोग इकट्ठे होते हैं ।

अतिरिक्त प्रश्न –

1. महाबलि कौन थे ?

उत्तर = महाबलि अत्यंत पराक्रमी व दानशील सम्राट थे |

2. इंद्र देवता क्यों चिंतित हो उठे ?

उत्तर = इंद्र देवता सम्राट महाबलि की ख्याति सुनकर चिंतित हो उठे |

3. महाबलि ने भगवान विष्णु से क्या प्रार्थना की थी ?

उत्तर = पाताल में जाने से पूर्व महाबलि ने भगवान विष्णु से यह प्रार्थना की थी कि वे उन्हें वर्ष में एक बार अपनी प्रजा से मिलने की अनुमति दें |

4. ओणम का मुख्य आकर्षण क्या है ?

उत्तर: ओणम का मुख्य आकर्षण नौकादौड़ है ।

## व्याकरण – 1 वाक्य शुद्धि

दिए गए अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए |

क. मैं आपका दर्शन करने आया हूँ | ( शुद्ध : मैं आपके दर्शन करने आया हूँ ।)

ख. राधा ने पत्र को पढ़ा | (शुद्ध : राधा ने पत्र पढ़ा ।)

ग. मैंने गाँव जाना है | (शुद्ध : मुझे गाँव जाना है ।)

घ. भिखारी को थोड़ा चावल दे दो | (शुद्ध : भिखारी को थोड़े चावल दे दो ।)

ङ. पिताजी ने पुस्तक पढ़ा | (शुद्ध : पिताजी ने पुस्तक पढ़ी ।)

च. एक बड़ा –सा छड़ी लाओ | (शुद्ध : एक बड़ी –छड़ी लाओ ।)

छ. रमा को काटकर आम खिलाओ |( शुद्ध : रमा को आम काटकर खिलाओ ।)

ज. मैंने आज आराम करना चाहता हूँ |( शुद्ध: मैं आज़ आराम करना चाहता हूँ ।)

2 मुहावरे

मुहावरों के अर्थ लिखिए |

I सिर आँखों पर बैठाना = खूब मान देना

II हाथ बढ़ाना = सहायता के लिए तैयार होना

III नाक रगड़ना = माफी माँगना

IV खरी – खोटी सुनाना = भला – बुरा कहना

V दाँतों तले उँगली दबाना = हैरान होना

VI फूला न समाना = बहुत प्रसन्न होना

VII दुम दबाकर भागना = डर कर भागना

VIII दिन – रात एक करना = बहुत परिश्रम करना

# 3 कारक

## उचित कारक चिह्न भरिए

- गोपाल ……. राधा …….. बुलाया।
- बच्चे गाड़ियों ……….. खेल रहे हैं।
- माँ अपने बच्चे ….. खिलौना लाई ।
- साँप बिल …….. बाहर निकला।
- रामू ….. घोड़े …… पानी पिलाया।
- यह नरेश …………… भाई है।
- फ्रिज …….. आम रखा हुआ है।
- पृथ्वी सूर्य ………. बहुत दूर है।
- रामू ……. अपने बच्चों ……. पीटा।
- बच्चे …….. सिर दुःख रहा है ।

अनुच्छेद -- मेरा प्रिय पर्व

# 3 कारक

## उचित कारक चिह्न भरिए

- गोपाल ...ने .... राधा ....को .... बुलाया।
- बच्चे गाड़ियों ...से .....खेल रहे हैं।
- माँ अपने बच्चे ...के लिए .. खिलौना लाई ।
- साँप बिल ....से .... बाहर निकला।
- राम् ...ने .. घोड़े ....को .. पानी पिलाया।
- यह नरेश ...का ..... भाई है।
- फ्रिज ....में .... आम रखा हुआ है।
- पृथ्वी सूर्य ...से ..... बहुत दूर है।
- राम् ...ने .... अपने बच्चों ...को .... पीटा।
- बच्चे ....का .... सिर दुःख रहा है ।

अनुच्छेद -- मेरा प्रिय पर्व




कैसे मनाते हैं ओणम




ओणम
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
© HindiKiDuniya.com